# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र ( मार्च 2023-24)

**CLASS : 10th(Secondary)** **Code NO.**

**Series : Sec /Annual -2024**

**रोल न.** | | | | | | | | | | |

**SAT - B**

## हिन्दी

( Academic / Open )

(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

**समय : 3 घंटे ]** **[ पूर्णांक : 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 तथा 13 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

*सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

# खंड - क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :-** **2x 7 = 14 अंक**

क) पीताम्बर , मृगनयन ( विग्रह करके समास का नाम लिखिए)

ख) स्वर संधि को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

ग) अधि, सु (उपसर्गों से एक- एक नया शब्द बनाएँ)

घ) पर्वत, पत्नी (पर्यायवाची शब्द लिखिए)

ङ) लड़का, क्योंकि, उसका, बाहर ( विकारी व अविकारी शब्द अलग -अलग लिखिए)

च) अलंकार पहचान कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए-

(i) पीपर पात सरिस मन डोला।

(ii) मेघ आए बड़े बन- ठन के।

छ) चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **5 अंक**

क) विज्ञान के चमत्कार

ख) शिक्षक दिवस

ग) राष्ट्रभाषा हिन्दी

घ) वसुधैव कुटुंबकम्

ङ) विजयदशमी अथवा दशहरा

**प्रश्न 3. जुर्माना माफ़ी हेतु मुख्याध्यापक को पत्र लिखें।** **5 अंक**

अथवा

**मित्र को छात्रवृति मिलने पर बधाई देते हुए पत्र लिखें**

# खंड - ख

**प्रश्न 4 क्षितिज (काव्य खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।** **1x 6=6 अंक**

(i) उद्धव को बड़भागी कहने में कौन-सा भाव निहित है?

क) हास्य

ख) व्यंग्य

ग) उपेक्षा

घ) प्रशंसा

(ii) पाठ्यक्रम में निहित 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' की भाषा क्या है?

क) ब्रज

ख) मैथिली

ग) अवधी

घ) राजस्थानी

(iii) किसकी स्मृति को कवि ने पाथेय कहा है?

क) राहगीर की

ख) पत्नी की स्मृति को

ग) मित्र की स्मृति को

घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) फागुन में गाया जाने वाला गीत है -

क) फाग

ख) कजरी

ग) पहले दोनों

घ) कोई नहीं

(v) फसल कितने हाथों के स्पर्श की गरिमा है -

क) एक

ख) दो

ग) हज़ारों

घ) करोड़ों

(vi) तारसप्तक किसे कहा गया है -

क) सरगम के निम्न स्वर को

ख) सरगम के उच्च स्वर को

ग) सरगम के मध्यम स्वर को

घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 5 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए- 1x 5 = 5अंक**

बिहँसि लखनु बोले मृदु बानी । अहो मुनीसु महाभट मानी ।।
पुनि-पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फैंक पहारू॥
इहाँ कुम्हड़बतियाँ कोउ नाहीं । जे तरजनी देखि मरि जाहीं ।।
देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना॥
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कुछ कहहु सह रिस रोकी ।।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई ।।
बधे पापु अपकीरति हारे । मारतहू पा परिअ तुम्हारे ।।
कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा ।।

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) रघुकुल परंपरा की क्या विशेषता बताई गई है ?

(iii) भृगुसुत किसे कहा गया है ?

(iv) 'कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(v) 'कुम्हड़बतिया' से क्या अभिप्राय है ?

**प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश का भाव व काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए- 3 अंक**

ललित -ललित काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले
विद्युत-छवि उर में,कवि,नवजीवन वाले।

**प्रश्न 7 (क)सूरदास के पदों के आधार पर गोपियों का योग साधना के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए। 3+3= 6 अंक**
**(ख)'उत्साह 'कविता में निहित संदेश स्पष्ट कीजिए**

## खण्ड-ग

**प्रश्न 8 क्षितिज (गद्य -खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित उत्तर पुस्तिका में लिखिए**
**1x 6= अंक**

(i) चश्मे वाले की देशभक्ति के प्रति कौन नतमस्तक था**?**

क) पानवाला
ख) हालदार साहब
ग) कैप्टन
घ) पूरा देश

(ii) बालगोबिन भगत हर वर्ष गंगा स्नान के लिए कितने कोस की दूरी तय करते थे ?

क) बीस कोस
ख) तीस कोस
ग) चालीस कोस
घ) दो कोस

(iii) 'लखनवी अन्दाज़' पाठ की क्या विधा है?

क) नाटक
ख) कहानी
ग) निबंध
घ) व्यंग्य

(iv) लेखिका मन्नू भंडारी अपनी बड़ी बहन सुशीला से कितने साल बड़ी थी ?

क) दो वर्ष
ख) तीन वर्ष
ग) चार वर्ष
घ) एक वर्ष

(v) प्रवेश द्वार के ऊपर मंगल ध्वनि बजाने का स्थान क्या कहलाता है ?

क) मुख्य द्वार
ख) नौबतखाना
ग) ड्योढ़ी
घ) इनमें से कोई नहीं

(vi) रुस का भाग्यविधाता किसे कहा गया है ?

क) कार्ल मार्क्स
ख) लेनिन
ग) महावीर स्वामी
घ) महात्मा गांधी

**प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1x 5=5 अंक**

आज़ाद हिन्द फौज के मुकदमें का सिलसिला था। सभी कॉलेजों, स्कूलों, दुकानों के लिए हड़ताल का आह्वान जो-जो नहीं कर रहे थे, छात्रों का एक बहुत बड़ा समूह वहाँ जाकर हड़ताल करवा रहा था। शाम को पूरा विद्यार्थी वर्ग चौपड़ पर इकट्ठा हुआ और फिर हुई भाषाणबाजी। इस बीच पिताजी के एक दकियानूसी मित्र ने घर आकर अच्छी तरह पिताजी को लू उतारी, 'अरे उस मन्नू की तो मत मारी गई है', पर भण्डारी जी आपको क्या हुआ है?

(क) प्रस्तुत गद्यांश का पाठ एवं रचयिता नाम लिखिए।
(ख) हड़ताल का आह्वान क्यों किया गया था?
(ग) छात्रों का बड़ा समूह क्या कर रहा था?
(घ) पिताजी के मित्र का स्वभाव कैसा था?
(ङ) 'लू उतारना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

प्रश्न 10 **रामवृक्ष बेनीपुरी** अथवा **मन्नू भंडारी** का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। **5 अंक**

**प्रश्न 11 (क) बालगोबिन पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।** **2+2=4 अंक**
**(ख) वास्तविक अर्थों में संस्कृत व्यक्ति किसे कहा जा सकता है ?**

## खंड - घ

**प्रश्न 12 कृतिका भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए।** **3+3=6 अंक**

क) लेखक का नाम तारकेश्वर से भोलानाथ कैसे पड़ा?
ख) 'कटाओ' को भारत का स्विट्जरलैंड क्यों कहा जाता है?
ग) लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों?

## खण्ड- ङ

**प्रश्न 13 (क) नैतिक शिक्षा (पाठ्य-पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **1x 4=4 अंक**

1. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
   (i) 21 जून
   (ii) 21 जुलाई
   (iii) 20 जून
   (iv) 23 जुलाई
2. कौन सी बुराइयाँ मनुष्य के भीतर से निकलती हैं?
   (i) छल - कपाट
   (ii) लंपटता
   (iii) अहंकार और धर्महीनता
   (iv) उपरोक्त सभी

3. जिसके पास धन है, उस व्यक्ति को समाज क्या समझता है?
   (i) अच्छे कुल का
   (ii) महान
   (iii) पंडित
   (iv) उपरोक्त सभी
4. दुनिया में किसे पूजा जाता है?
   (i) न्याय को
   (ii) अन्याय को
   (iii) देशप्रेम को
   (iv) प्रतिष्ठा को

**(ख) वास्तव में सच्चा कर्मयोगी कौन है?** **3 अंक**

**(ग) राष्ट्रीयता किसी भी देश की आत्मा होती है, कैसे?** **3 अंक**

**---------xxxxx ----------**